जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-15 | जयपुर, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


## राजस्थान में 3 साल से पहले नहीं होगा तबादला, 2 साल गांव में करनी होगी नौकरी



**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान की भजनलाल सरकार कर्मचारियों-अधिकारियों के लिए केंद्र की तर्ज पर ट्रांसफर पॉलिसी बनाने जा रही है। इसके लिए कॉमन एसओपी जारी की गई है। सभी विभागों के एचओडी अधिकारियों से चर्चा कर जरूरत अनुसार सुझाव देंगे। सरकार की कॉमन एसओपी के तहत किसी कर्मचारी का 3 साल से पहले तबादला नहीं होगा। साथ ही हर कर्मचारी को सर्विस में 2 साल ग्रामीण क्षेत्र में बिताने होंगे। फरवरी में तबादलों से रोक हटने के बाद हर विभाग से कर्मचारियों की लंबी लिस्ट जारी की गई। कई जगह इस तबादला सूची पर विवाद हुआ। कुछ कर्मचारियों ने ट्रांसफर के खिलाफ कोर्ट चले गए। कई जगह तो सालों से कर्मचारियों का तबादला नहीं होता, इसलिए भी कॉमन ट्रांसफर नीति की जरूरत है।

### राजस्थान में तबादले की प्रक्रिया

कॉमन एसओपी के अनुसार, कर्मचारियों के ट्रांसफर से पहले सभी विभागों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जाएंगे। अधिकारी-कर्मचारी इच्छानुसार खाली पद के लिए ट्रांसफर आवेदन कर सकेंगे। संबंधित विभाग की टीम उनकी काउंसलिंग करेगी। काउंसलिंग में दिव्यांग, विधवा, भूतपूर्व सैनिक, उत्कृष्ट खिलाड़ी, एकल महिला, पति-पत्नी प्रकरण, असाध्य रोग से पीड़ित, शहीद के आश्रित सदस्य और दूरस्थ इलाकों में तीन साल से कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिकता मिलेगी।

**पोर्टल पर मिलेगी खाली पदों की सूची-**

एसओपी के अनुसार, हर विभाग 1 से 15 जनवरी के बीच जिले, उपखण्ड या पंचायत वार खाली पदों की सूची पोर्टल पर अपलोड करेंगे। कर्मचारी 1 से 28 फरवरी तक ट्रांसफर के लिए आवेदन करेंगे। विभाग 30 मार्च तक काउंसलिंग कर प्राथमिकता और नियम के अनुसार 30 अप्रैल तक ट्रांसफर सूची जारी करेगा।

**यहां लागू नहीं होगी एसओपी-**

राजस्थान की SOP राजभवन, विधानसभा सचिवालय और राज्य निर्वाचन आयोग में लागू नहीं होगी। शेष सभी विभागों में इसी के आधार पर तबादले किए जाएंगे। जिस डिपार्टमेंट में 2 हजार से कम कर्मचारी हैं, वहां एसओपी ऐसे ही लागू की जाएगी, लेकिन 2 हजार से ज्यादा कर्मचारी वाले विभागों में सुविधा अनुसार सुझाव शामिल कर पॉलिसी तैयार कर प्रशासनिक सुधार एवं समन्वयक विभाग को भेजनी होगी।

## जेसीआई बेंगलुरु कॉस्मो द्वारा स्मैशर्स लीग बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**बेंगलुरु (हमारा वतन)।** जेसीआई बेंगलुरु कॉस्मो द्वारा स्मैशर्स लीग 2.0 बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । इस एक दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत जेसीआई संकल्प के साथ हुई। जीएंडडी के उपाध्यक्ष निखिल बाफना ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य केवल जीत या हार नहीं बल्कि सभी सदस्यों के बीच आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है। इस टूर्नामेंट में कुल 5 टीमों स्मार्ट पॉलिसी स्मैशर्स, मैग्नस वॉरियर्स, स्मैशर्स फॉरएवर, जैन परिवार और कुमट वॉरियर्स के साथ 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया ।




फाइनल स्मार्ट पॉलिसी स्मैशर्स और मैग्नस वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें मैग्नस वॉरियर्स विजयी रहे और टूर्नामेंट का खिताब जीता। विजेता टीम और उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। जैन परिवार के सहयोगी प्रायोजक एवं सभी टीम प्रायोजकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट के आयोजन में कॉस्मो परिवार के सदस्य निखिल बाफना, कुश जैन, गौतम बोथरा और अभय चोरारिया, सचिव अक्षय चावथ, कोषाध्यक्ष जयेश जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्वाध्यक्ष मदन जैन, रतन जैन और श्रेया जैन ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया ।

## प्रधानमंत्री मोदी ने लू संबंधी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी गर्मी के मौसम की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री को आगामी महीनों में गर्म मौसम (अप्रैल से जून) के पूर्वानुमान सहित अप्रैल से जून, 2024 की अवधि के दौरान देश के अधिकांश हिस्सो में विशेष रूप से मध्य भारत और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना, से जुड़ी जानकारी प्रदान की गई। आवश्यक दवाओं, आइस पैक, ओआरएस और पेयजल के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्र में तैयारियों की भी समीक्षा की गई। टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया जैसे सभी प्लेटफार्मों के माध्यम से विशेष रूप से क्षेत्रीय भाषाओं में आवश्यक आईईसी/जागरूकता सामग्री के समय पर प्रसार पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर सरकार के सभी अंगों और विभिन्न मंत्रालयों को इस पर तालमेल के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने अस्पतालों में पर्याप्त तैयारी के साथ-साथ जागरूकता सृजन पर भी जोर दिया। उन्होंने जंगल की आग का त्वरित पता लगाने और उसे बुझाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



## महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती पर हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** रींगस रोड स्थित सैनी समाज सभा भवन में महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के पूर्व दिवस पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के मुख्य आतिथ्य, नगर परिषद चौमूं सभापति विष्णु कुमार सैनी के विशिष्ट आतिथ्य और संस्थान के चौमूं तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी तिगरिया की अध्यक्षता में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों पर चलने की बात कही। माली समाज विकास समिति अध्यक्ष घीसालाल सैनी ने महात्मा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। दिनेश कुमार सैनी ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही ।



इस अवसर पर राधेश्याम सैनी संरक्षक, डॉ. मान प्रकाश सैनी, महासचिव सुरेश कुमार तंवर, भंवरलाल पापटवाण, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, महासचिव माली समाज विकास समिति जय नारायण चांदोलिया, सहसचिव कैलाश जमालपुरिया, बाबू लाल जादम, सूरजमल करवां, राकेश इंदौरा, प्रभु राई, किरण सैनी, ज्योति सैनी, सुशील सैनी ,पूजा सैनी, अंजू सैनी, नेहा सैनी, रामपाल सैनी, अभिषेक सैनी, रोहित सैनी, हेमंत सैनी सहित समाज बन्धु मौजूद रहे ।

## दुनिया भर में होम्योपैथी की प्रभावकारिता और स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए होम्योपैथी संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** दुनिया भर में होम्योपैथी की प्रभावकारिता और स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए वैश्विक सहयोग के आह्वान के साथ होम्योपैथी संगोष्ठी नई दिल्ली में संपन्न हुई। दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में होम्योपैथी और आयुष के क्षेत्र में सात पद्म पुरस्कार विजेताओं ने हिस्सा लिया।

होम्योपैथी संगोष्ठी में 6,000 से अधिक प्रतिभागियों, डॉक्टरों, वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं, शिक्षाविदों, छात्रों और शिक्षकों ने एक ही मंच पर उपस्थित होकर होम्योपैथी के लिए सार्थक बातचीत की। इस कार्यक्रम की थीम, अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना के अनुरूप कार्यक्रम में होम्योपैथिक अनुसंधान, नैदानिक तौर-तरीके और बाजार संबंधी अंतर्दृष्टि पर विचार-विमर्श किया गया।

दूसरे दिन राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल खुराना ने कहा, भारत में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाना नैदानिक अनुभवों को साझा करने और होम्योपैथी के विकास के लिए नीतिगत मुद्दों पर चर्चा करने का एक अवसर रहा है। समय के साथ, सरकारी संरक्षण के कारण, होम्योपैथी ने एक व्यापक आधारभूत संरचना विकसित की है, और भारत इस चिकित्सा प्रणाली में एक वैश्विक अग्रणी बन गया है। हमारा मानना है कि सार्वजनिक लाभ में इसे परिवर्तित करने के लिए साक्ष्य-आधारित अनुसंधान होम्योपैथी की उपस्थिति को और बढ़ाएगा। विभिन्न सत्रों के दौरान, प्रसिद्ध होम्योपैथी के चिकित्सकों ने होम्योपैथी के साथ असाध्य रोगों के प्रबंधन को लेकर अपने अनुभव साझा किए। पशुओं के मामलों में होम्योपैथी के सकारात्मक परिणाम भी पशु चिकित्सकों द्वारा प्रदर्शित किए गए। अनुसंधानकर्ताओं और वैज्ञानिकों ने उनके द्वारा की गई अनुसंधान संबंधी प्रमुख गतिविधियों के निष्कर्षों को साझा किया। लाभ प्राप्ति हेतु अनुसंधान, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, होम्योपैथी में वैश्विक परिप्रेक्ष्य, होम्योपैथिक दवाओं में गुणवत्ता आश्वासन और अंतःविषय अनुसंधान पर पैनल चर्चाएं हुईं। इन चर्चाओं ने विशेषज्ञों, अनुसंधानकर्ताओं, उद्योग प्रतिनिधियों, पेशेवर संघों और अन्य हितधारकों के बीच एक उपयोगी संवाद को बढ़ावा दिया, अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया और उन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए आवश्यक प्रयासों पर चर्चा की। इस विचार-विमर्श से इन क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण पर रचनात्मक सिफारिशें की गईं।



# आईईएम-यूईएम ग्रुप द्वारा लंदन यूके में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (आईईएम) और यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), आईईएम-यूईएम ग्रुप ने स्मार्ट सोसायटी यूएसए के साथ मिलकर इंपीरियल कॉलेज लंदन, यूके में 3-5 अप्रैल, 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय आईओटी, इलेक्ट्रॉनिक्स और मेक्ट्रोनिक्स सम्मेलन, आईईएमट्रॉनिक्स 2024 का आयोजन किया। IEMTRONICS 2024 की कार्यवाही स्प्रिंगर नेचर बुक सीरीज़ द्वारा प्रकाशित की जाएगी। सम्मेलन के सामान्य अध्यक्ष प्रोफेसर केनेथ टी वी ग्राटन ओबीई (ब्रिटिश साम्राज्य के आदेश के अधिकारी) फ्रेंग, रॉयल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग - जॉर्ज डेनियल प्रोफेसर ऑफ साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंटेशन, सिटी, लंदन विश्वविद्यालय, लंदन, यूके रहे। सम्मेलन ने कुल 353 प्रस्तुतियों के साथ दुनिया भर से अधिकतम भागीदारी को आकर्षित किया और दोहरी समीक्षा के बाद, 10 अलग-अलग समानांतर सत्रों में 3 दिवसीय सम्मेलन के दौरान स्वीकृत 78 पेपर प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रोफेसर एल्डो फैसल, प्रोफेसर, इंपीरियल कॉलेज लंदन, लंदन, यूनाइटेड किंगडम, डॉ. साइमन कोल्टन, कम्प्यूटेशनल क्रिएटिविटी के प्रोफेसर, एआई और गेम्स गेम एआई ग्रुप, ईईसीएस, क्वीन



मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन सेंसिलाब, आईटी, मोनाश विश्वविद्यालय, शांतनु गोस्वामी, वीपी बीटीपी रणनीति और उद्योग उपयोग केस ईएमईए, यूनाइटेड किंगडम और प्रोफेसर यांग गाओ, प्रोफेसर, एफआईईटी एफआरएईएस, किंग्स कॉलेज लंदन, यूनाइटेड किंगडम रहे। आईईएम-यूईएम समूहों के निदेशक प्रोफेसर डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती ने बताया कि आईईएम-यूईएम समूह द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और कार्यशालाओं में 45 से अधिक देशों के शोधकर्ता और शिक्षाविद भाग लेते हैं।

यूईएम जयपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. विश्वजॉय चटर्जी ने बताया कि समूह एआर-वीआर, आईओटी और एआई एकीकृत दृष्टिकोण के उपयोग से बेहतर शिक्षण और सीखने के अनुभव के लिए उभरते प्रौद्योगिकी समाधानों के विकास और कार्यान्वयन पर केंद्रित है। सम्मेलन में तकनीकी सत्रों, विशेष सत्रों, ट्यूटोरियल और प्रदर्शन सत्रों का एक सहकर्मी-समीक्षा कार्यक्रम शामिल था।




# विराज फाउंडेशन के स्वर साधना 2024 कार्यक्रम में झूम उठे श्रोता

**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित स्वर साधना 2024 कार्यक्रम का विद्वानों द्वारा मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र शर्मा ने सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुनीता शर्मा एवं पदाधिकारीयो ने अतिथियों का दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

प्रदेश महामंत्री बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विप्र कल्याण बोर्ड पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, साध्वी अनीता योगेश्वरी, थानाधिकारी प्रदीप शर्मा, डॉ. उमेश हेमानी, शिक्षाविद् सांवरमल शास्त्री, कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत, रामसिंह राजौरिया रहे। कार्यक्रम में 40 संगीतकारों ने अपनी मधुर संगीत से उपस्थित श्रोताओं का मनमोह लिया। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, डॉ.राम प्रकाश शर्मा, डॉ. भरत राज शर्मा, डॉ. अजय कुमार शर्मा, डॉ. सुधांशु पांडे, चंद्र प्रकाश शर्मा, एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश रीडर, डॉ. पवन कुमार तिवाडी, कैप्टन श्रीराम शर्मा, डॉ. बंशीधर शर्मा, इंद्र कुमार शर्मा, पं. अरुण कुमार शर्मा, मक्खन लाल शर्मा, डॉ. सीताराम कुमावत, नारायण लाल शर्मा, रामलाल शेरावत, मुकेश शर्मा, डॉ. एमके अग्रवाल, डॉ. भव्य ऐरन, सुनीता शर्मा, सुधा शर्मा, नमीता अग्रवाल, डॉ. सुरभी सिंह, सरला खंडेलवाल, सुमन शर्मा, शीला जांगिड़ आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर बनने वाली फिल्म 'फुले' का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

**मुंबई (हमारा वतन)।** एक्टर प्रतीक गांधी जल्द ही समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की जीवनी पर बन रही फिल्म 'फुले' में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ पत्रलेखा भी लीड रोल रोल में दिखाई देंगी। अब मेकर्स ने फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया है। इस पोस्टर में प्रतीक और पत्रलेखा नजर आ रहे है। वह महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले और उनकी पत्नी ज्ञानज्योती सावित्रीबाई फुले का किरदार निभा रहे हैं जो एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता



निर्देशक अनंत नारायण महादेवन ने कहा कि 'महात्मा और ज्योतिबा फुले ने जाति और लिंग भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दुर्भाग्य से आज भी कायम है। मेरा लक्ष्य इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत को फिर से शुरू करना है जो हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।'वहीं फिल्म के निर्माता सुनील जैन ने कहा कि 'यह फिल्म हर हिंदुस्तानी के दिल में अपनी जगह बनाएगी। इस कहानी को बड़े परदे पर उतारते हुए वह गर्व महसूस कर रहे हैं, क्योंकि इस कहानी को ज्यादा से ज्यादा लोगों के सामने लाना बहुत जरूरी है।' जानकारी के लिए आपको बता दें कि फुले दंपती ने साल 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना कर महिला, दलित और पिछड़ों के लिए समान अधिकारों की जोरदार वकालत करते हुए समाज के सभी वर्गों में शिक्षा प्रदान करने का समर्थन किया।

# गर्मियों में बढ़ी खादी की डिमांड : खादी भंडारों में मिलेगा लेटेस्ट कलेक्शन

**हमारा वतन (जयपुर)।** गर्मी ने दस्तक दे दी है, दोपहर को तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है । ऐसे में बढ़ती गर्मी के साथ खादी की डिमांड भी बढ़ने लगी है । आजकल वेस्टर्न कल्चर के साथ पार्टी और फंक्शन में भी लोग खादी पहनकर जाने लगे हैं । अब युवाओं की भी पहली पसंद खादी बनने लगी है। ऐसे में अगर आप भी खादी पहनने के शौकीन हैं या फिर गर्मियों में शॉपिंग करना चाहते हैं, तो शहर के खादी भंडार में पहुंच जाएं । यहां से आप खाली हाथ लौटकर नहीं जा पाएंगे।

**कुर्ते-पजामे, धोती, शर्ट, नेहरू जैकेट की है डिमांड**-खादी भंडारों में खादी के कुर्ते-पजामे, धोती, शर्ट, नेहरू जैकेट आदि की काफी मांग है । खादी की



पहचान यही है कि यह रुई और हाथ से बुना हुआ होता है । अब तो सरकार भी खादी को काफी प्रमोट कर रही है । इस कारण इसका मार्केट जोर पकड़ रहा है । अभी गर्मी का मौसम आ गया ही है, तो इस दौरान खादी के पतले कपड़े की ज्यादा डिमांड होती है । सबसे ज्यादा कुर्ता-पजामा और धोती की बिक्री होती है।

**गर्मी में फायदेमंद है खादी का कपड़ा**-गर्मी में खादी के कपड़े पहनने के कई फायदे हैं । खादी कपड़ा पसीने को सोख लेता है और कई प्रकार के स्किन एलर्जी से भी आपकी रक्षा करता है । युवाओं में भी खादी का झुकाव बढ़ रहा है । अब युवा भी खादी के शर्ट और कुर्ते की डिमांड करने लगे हैं ।

# नवरात्रों में सजाई घोटे वाले बालाजी की मनमोहक झांकी



**चौमूं (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रों में चौमूं शहर के सामोद रोड नीमड़ी स्थित घोटे वाले बालाजी की मनमोहक झांकी सजाई गई । मंदिर सेवक हनुमान सहाय सैनी ने बताया कि नवरात्रों में बाबा को नया चोला चढ़ाया गया और फूलों से मनमोहक झांकी सजाई गई । मान्यता है कि यहाँ दर्शन करने वाले हर भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है ।

# प्रियंका मीणा बनी जयपुर चॉइस अवार्ड 2024 की ब्रांड एंबेसडर

**जयपुर (हमारा वतन)।** गोल्ड इवेंट्स की ओर से 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले जयपुर चॉइस अवार्ड 2024 की ब्रांड एम्बेसडर मॉडल प्रियंका मीणा को बनाया गया है । आयोजक राज शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि प्रियंका ने मिसेज ग्लैमर राजस्थान 2023 का खिताब जीता था साथ ही 2023 में ही मिसेज राजस्थान बॉडी ब्यूटीफुल टाइटल भी जीता था । मॉडलिंग के साथ-साथ प्रियंका मीणा समाज सेवा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं । वर्तमान में प्रियंका बेटी फाउंडेशन की मानसरोवर जोन उपाध्यक्ष की पद पर कार्य कर रही है । प्रियंका की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए संस्था ने ब्रांड एंबेसडर के पद पर नियुक्त किया है।






# जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल का रक्तदान शिविर 21 अप्रैल को

**जयपुर (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयपुर रोड, गणेश विहार-2 स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह रक्तदान शिविर जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल, मिशा हॉस्टल एंड लाइब्रेरी के तत्वावधान में 21 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। हॉस्पिटल निदेशक डॉ. आरके सैनी ने बताया कि प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदाताओं की हौसला अफजाई के लिए पानी का कैंपर उपहार स्वरूप प्रदान किया जाएगा। हम सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। हमारे रक्त की एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है ।

## जॉब्स-

1. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद सिविल जज, पद संख्या 222, अंतिम तिथि 8 मई 2024
2. यूपीएससी, पद आईईएस,आईएसएस, पद संख्या 48, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024
3. यूपीएससी, पद सीएमएस, पद संख्या 827, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024
4. एसएससी सीएचएसएल, एलडीसी पीए व अन्य, पद संख्या 3712, अंतिम तिथि 7 मई 2024
5. आरपीएफ, पद कांस्टेबल, पद संख्या 4208, अंतिम तिथि 14 मई 2024
6. आरपीएफ, पद सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 452, अंतिम तिथि 14 मई 2024
7. नवोदय विद्यालय समिति, पद विभिन्न नॉन टीचिंग पोस्ट, पद संख्या 1377, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024
8. साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 861, अंतिम तिथि 9 मई 2024




# बेबिका धुर्वे

## ने एल्विश-मनीषा के झगड़े और यूट्यूबर के जेल जाने पर किया रिएक्ट, कहा- वो बुरी संगति से...

बिग बॉस ओटीटी 2 काफी चर्चा में रहा है। सलमान खान के इस शो के विनर भले ही एल्विश यादव बने हो, लेकिन इसके सभी कंटेस्टेंट काफी सुर्खियों में रहते हैं। वहीं, इन दिनों यूट्यूबर एल्विश यादव और मनीषा रानी के बीच का झगड़ा काफी चर्चा में बना हुआ है। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर एल्विश को अनफॉलो कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने ऐसा करने के पीछे की वजह का भी खुलासा अपने यूट्यूब चैनल पर किया था। इसके बाद एल्विश ने भी मनीषा को मुंहतोड़ जवाब देते हुए उन्हें रोस्ट किया। दोनों के बीच झगड़ा कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में अब बिग बॉस ओटीटी 2 की कंटेस्टेंट बेबिका धुर्वे ने एल्विश-मनीषा के झगड़े और यूट्यूबर के जेल जाने पर रिएक्ट किया है।



**मनीषा-एल्विश के रिश्ते को बताया फेक**-बिग बॉस ओटीटी 2 कंटेस्टेंट रह चुकी बेबिका धुर्वे को हाल ही में पैपराजी ने मुंबई में स्पॉट किया। इस दौरान पैप्स ने बेबिका से मनीषा रानी और एल्विश के बीच के झगड़े पर सवाल कर डाला। पैपराजी ने बेबिका से पूछा, आपने एल्विश यादव और मनीषा रानी के बीच अनफ़ॉलो वाली कॉन्ट्रोवर्सी तो सुनी होगी। इस पर क्या कहना चाहती हैं। वो एक दूसरे को ट्रोल भी कर रहे हैं। इस पर बेबिका ने कहा, मुझे लगता है कि अगर कोई रिश्ता और दोस्ती इतना गहरा और रियल होता है तो ऐसी छोटी-छोटी बातें नहीं चाहिए। इस पर इश्यूज क्रिएट कर रहे है तो मुझे नहीं लगता है वो रिश्ता इतना मजबूत होगा। इसके बाद पैपराजी ने बेबिका से एल्विश के जेल जाने पर भी सवाल किया।

## भोजपुरी पर्दे पर संतोषी मां के किरदार में दिखेंगी स्मृति सिन्हा, रानी चटर्जी भी आएंगी नजर

भोजपुरी एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा और रानी चटर्जी अब फिल्म जय संतोषी मां में नजर आएंगी?। इस फिल्म में स्मृति सिन्हा मां संतोषी के किरदार में होंगी और रानी चटर्जी का भी अहम रोल है। जय संतोषी मां की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इस फिल्म को लेकर स्मृति एक्साइटेड हैं।भोजपुरी फिल्म जय संतोषी मां में संतोषी मां के किरदार में इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा नजर आएंगी। यह जानकारी प्रोड्यूसर निशांत उज्जवल ने दी। फिल्म बनकर तैयार है, लेकिन अब तक यह किसी को पता नहीं था कि फिल्म में माता संतोषी के किरदार में कौन होंगी। फिल्म के इस बड़े राज का पर्दा आज उठ गया है। जय संतोषी मां भी जल्द ही रिलीज होने वाली है।पारिवारिक और धार्मिक कहानी से प्रेरित Jai Santoshi Maa में अपनी भूमिका को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा, यह मेरे लिए गौरव की बात है। कभी सोचा नहीं था लाइफ में कि मुझे इस तरह का किरदार ऑफर होगा। लेकिन जब मुझे यह ऑफर मिला तो मैं बेहद खुश हुई।



**जय संतोषी मां बनने पर बोलीं स्मृति सिन्हा**-स्मृति सिन्हा ने आगे कहा, फिल्म अब पूरी हो चुकी है। इसके प्रमोशन के भी शेड्यूल आने वाले हैं, जहां दर्शक मुझे संतोषी मां के किरदार में देख पाएंगे। मैं भोजपुरी के दर्शकों के रिएक्शन के लिए उत्साहित हूं। बाकी फिल्म बेहतरीन बनी है और इसे सब लोगों को देखना चाहिए।

**रानी चटर्जी भी आएंगी नजर, यह है बाकी कास्ट**-जय संतोषी मां में भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी, जय यादव और मनोज टाइगर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा नीतिका जायसवाल, सुषमा मिश्रा, रंभा सहनी, मोहन कुमार, परितोष कुमार, रजनीश पाठक, सुजान सिंह, राकेश दुबे, प्रिया शर्मा, पूनम और प्रियांशु सिंह भी है। वहीं गेस्ट अपीयरेंस में बीजेपी विधायक और गीतकार विनय बिहारी नजर आएंगे।

**रवि सिन्हा हैं डायरेक्टर**-इस फिल्म के प्रोड्यूसर निशांत उज्जवल, धर्मेंद्र के मेहरा और डायरेक्टर रवि सिन्हा हैं। रानी चटर्जी पहली बार निशांत उज्जवल की फिल्म में नजर आने वाली हैं। फिल्म के को-प्रोड्यूसर डॉ. संदीप उज्जवल और सुशांत उज्जवल है।




# डैंड्रफ की समस्या से परेशान हैं तो इन टिप्स को आजमाएं

यह डैंड्रफ के साथ-साथ फंगल इंफेक्शन को भी दूर करता है। इसका पेस्ट बनाने के लिए नीम की पत्तियों का पेस्ट बनाकर एक कप दही मिलाकर मिक्स करें। अब इसे बालों में लगाकर करीबन 15 से 20 मिनट के लिए छोड़ें।सर्दी का मौसम स्किन के साथ-साथ बालों की नमी भी छीन लेता है। जिसके कारण स्कैल्प काफी रूखी हो जाती है। अंततः डैंड्रफ की समस्या शुरू होती है। डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए यूं तो कई तरह के प्रॉडक्ट मार्केट में अवेलेबल हैं लेकिन आप कुछ होममेड पैक्स की मदद से भी डैंड्रफ को खत्म करके बालों को मजबूती व शाइन प्रदान करते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में?



**एग व्हाइट व नींबू का रस-** प्रोटीन का पावरहाउस माना जाने वाला अंडा बालों को पोषण व अतिरिक्त मजबूती प्रदान करता है। साथ ही साथ बालों की कई समस्याओं जैसे डैंड्रफ, हेयर फॉल आदि को दूर करता है। डैंड्रफ से निजात पाने के लिए दो एग व्हाइट को एक नींबू के रस में डालकर मिक्स करें। अब इन्हें बालों में लगाकर आधा घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद बालों को किसी माइल्ड शैंपू या नीम के साबुन की मदद से साफ करें।

**दही, शहद व नींबू मास्क-** नींबू के रस में मौजूद एसिड स्कैल्प के पीएच स्तर व ऑयल प्रॉडक्शन को संतुलित करता है। वहीं दही व शहद बालों को मॉइश्चराइज व नरिश करने का काम करते हैं। इस हेयर पैक को बनाने के लिए एक बाउल में आधा कप दही, एक टेबलस्पून नींबू का रस व एक टेबलस्पून शहद डालकर मिक्स करें। अब इस पेस्ट को बालों में लगाकर करीबन आधा घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद सल्फेट फ्री शैंपू की मदद से हेयर वॉश करें।

**आंवला-** विटामिन सी युक्त आंवला स्कैल्प के रूखेपन को दूर करने क साथ-साथ डैंड्रफ से निजात दिलाता है। इसका हेयर पैक बनाने के लिए आंवला पाउडर को पानी में मिक्स करें। अब इसमें आठ से दस तुलसी के पत्ते डालकर मिक्स करें। अब इस पेस्ट को बालों में लगाकर करीबन आधा घंटे के लिए छोड़ दें। अंत में ठंडे पानी से वॉश करके शैंपू करें।

**एवोकाडो, शहद व ऑलिव ऑयल**

एक कच्चा एवोकाडो लेकर उसे कांटे की मदद से अच्छे से मैश करें। इसके बाद इसमें दो टेबलस्पून शहद व टेबलस्पून ऑलिव ऑयल डालकर एक स्मूद पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को बालों की जड़ों से लेकर लेंथ तक लगाएं। इस पेस्ट को बालों में लगाकर करीबन एक घंटे के लिए छोड़ दें और अंत में सल्फेट फ्री शैंपू से बालों को वॉश करें।

**नीम** नीम के औषधीय गुण किसी से छिपे नहीं हैं। यह डैंड्रफ के साथ-साथ फंगल इंफेक्शन को भी दूर करता है। इसका पेस्ट बनाने के लिए नीम की पत्तियों का पेस्ट बनाकर एक कप दही मिलाकर मिक्स करें। अब इसे बालों में लगाकर करीबन 15 से 20 मिनट के लिए छोड़ें। अंत में पानी की मदद से बालों को वॉश करें।



## होठ फटने की समस्या से परेशान हैं तो अपनाएं यह टिप्स

मौसम के अलावा आपकी कुछ आदतें भी होठ फटने के लिए जिम्मेदार हो सकती हैं। बार-बार होठों पर जीभ फेरना या फिर घटिया क्वालिटी के लिप बाम और लिपस्टिक भी होठों को रुखा बनाते हैं। गर्मियां दस्तक दे चुकी हैं और गर्म हवाएं भी आपकी त्वचा के साथ ही होठों की नमी भी छीन रही हैं। ऐसे में बहुत ज़रूरी है कि आप अपने होठों का खास ख्याल रखें ताकि गर्मी में भी आपके होठ खूबसूरत और मुलामय बने रहें। वैसे मौसम के अलावा आपकी कुछ आदतें भी होठ फटने के लिए जिम्मेदार हो सकती हैं। बार-बार होठों पर जीभ फेरना या फिर घटिया क्वालिटी के लिप बाम और लिपस्टिक भी होठों को रुखा बनाते हैं।

**यदि आप चाहती हैं कि इस मौसम में भी आपके होठ नर्म-मुलायम बने रहे तो फॉलो करिए ये आसान टिप्स-**

-होठों की त्वचा शरीर के बाकी हिस्से से ज़्यादा नाजुक और संवेदनशील होती है, इसलिए सर्द मौसम में इसकी नमी पहले खोती है। ठंड के मौसम में होठों को हमेशा मॉइश्चराइज़ रखें। इसके लिए आप पेट्रोलियम जेली या नारियल तेल लगा सकती हैं।

-होठों की नमी बनाए रखने के लिए खूब पानी पीना भी ज़रूरी है। इसके अलावा आप फल और सब्ज़ियों का जूस भी पी सकती हैं।

-धूप में बाहर निकलने से पहले होठों पर एसपीएफ युक्त लिप ग्लॉस जरूर लगाना चाहिए, क्योंकि आपकी त्वचा की तरह धूप होठों को भी नुकसान पहुंचाती है।

-फटे होठों की समस्या से निजात पाने के लिए आप ग्लिसरीन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यदि आपके होठ रूखे हो चुके हैं तो आपको मैट लिपस्टिक की बजाय क्रीमी या मॉइश्चर वाली लिपस्टिक लगानी चाहिए।

-दिन भर लिपबाम लगाने की बजाय होठों पर शिया बटर लगाएं। इसमें विटामिन ई होता है जो आपके होठों को नर्म-मुलायम और खूबसूरत बनाने में मदद करता है।

-रूखे होंठों के लिए आप होममेड स्क्रबर भी बना सकती है। इसके लिए शहद और शक्कर को मिलाकर स्क्रब बनाएं और इसे होठों पर लगाएं इससे रूखे होठ मुलायम बनेंगे।

-होठों को फटने से बचाना चाहती हैं तो उस पर रोज़ाना नारियल तेल लगाएं।

-यदि लिपबाम लगाना है तो हमेशा विटामिन ई युक्त लिपबाम ही लगाएं। क्योंकि इसमें एंटीऑक्सिडेंट होता है जो होठों की नमी बनाए रखता है।

-फटे होठों पर देशी घी से हल्के-हल्के हाथ से मसाज करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा और फटे होठों की समस्या से निजात मिलेगी।

-रात को सोते समय होठों पर मलाई से मालिश करने से भी होठ नर्म-मुलायम बने रहते हैं।

-कई बार होठ फटने की वजह शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी होती है। इसलिए अपनी डायट का भी खास ख्याल रखें।

## आर्थराइटिस हो या अस्थमा,घबराएं नहीं,इन बातों का रखें ध्यान

कुछ बीमारियां ऐसी होती हैं, जिनसे पूरी तरह मुक्ति पाना असंभव सा होता है। ऐसे में उस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं, बल्कि उपाय पर ध्यान देने की जरूरत होती है। आर्थराइटिस-जोड़ों की यह बीमारी पहले उम्रदराज लोगों को होती थी, लेकिन बदली जीवनशैली के कारण इसकी चपेट में युवा भी आ रहे हैं। इसके साथ ही अस्थमा और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस में सांस लेने वाली नलियों में सूजन हो जाती है या रुकावट आ जाती है कैसा हो खानपान गाजर, शकरकंद और अदरक का सूप पिएं। सुबह नाश्ते में कॉर्नफ्लेक्स की एक कटोरी में कुछ बेरी मिलाकर खाएं। मछली, शुगर, दुग्ध उत्पाद, अल्कोहल, सॉफ्ट ड्रिंक, टमाटर खाने से आर्थराइटिस का दर्द बढ़ता है। भरपूर फाइबर, कम तेल-मसाला और चिकनाई वाली चीजें खाएं। प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर डाइट जरूर लें। भोजन में फल और सब्जियों को शामिल करें। शतावरी, पत्तागोभी, पालक, मशरूम, टमाटर, सोयाबीन तेल से परहेज करना चाहिए।

**व्यायाम है जरूरी-** व्यायाम आर्थराइटिसके दर्द को दूर कर क्षतिग्रस्त जोड़ों के आसपास की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। जिन मरीजों को बैठने के बाद घुटने में दर्द होता है, वे ज्यादा से ज्यादा चलें। रोज 50 मिनट व्यायाम जरूर करें। तेज डांस, एरोबिक्स और जॉगिंग नहीं करें। अस्थमा और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस में खांसी, सीने में जकड़न और सांस लेने में समस्या आदि शामिल हैं। वजन जितना कम होगा, उतनी ही हमारे लंग्स की क्षमता बढ़ेगी। स्वस्थ जीवनशैली और खानपान पर ध्यान दें।

**कैसा हो खानपान** -खाने में प्रोटीन, फलों और सब्जियों का सेवन किया जाए तो अस्थमा के मरीजों में बीमारी के 50% लक्षण खत्म किए जा सकते हैं। दूध, घी, मक्खन, तेल, खटाई और तेज मसालों का सेवन नहीं करना चाहिए। हाई फाइबर और प्रोटीन से भरपूर डाइट लेनी चाहिए। काली मिर्च, सौंठ, लौंग का चूर्ण बराबर मात्रा में मिला लें। इनमें से आधा छोटा चम्मच खाने से पहले खाएं। ऐसा भोजन करें, जिसमें विटामिन-सी की मात्रा अधिक हो। विटामिन बी6 और विटामिन बी3 पर्याप्त मात्रा में लें।

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# लोकसभा चुनाव में विपक्ष देगा दमदार चुनौती

सत्ता के दावेदारों के दावे अपनी जगह हैं, पर नई सरकार के बारे में भविष्यवाणी करना इस बार उतना आसान नहीं, जितना पिछले दो चुनावों में था। बेशक, सत्तारूढ़ NDA के पास दस साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में लोकप्रिय चेहरा है। BJP की अगुआई वाले NDA ने मोदी सरकार की 'हैट्रिक' का नारा देते हुए क्रमश- 370 और 400 सीटों का लक्ष्य भी घोषित कर दिया है। मगर दस साल की सत्ता के बाद भी छोटे-छोटे दलों पर डोरे डालना प्रतिकूल संदेश दे रहा है। NDA 26 साल पहले अटल बिहारी वाजपेयी के समय बना था। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में BJP ने अकेले दम बहुमत मिलने के बावजूद केंद्र में NDA की ही सरकार बनाई, लेकिन उसका महत्व पिछले साल I.N.D.I.A. बनने के बाद ज्यादा दिखा। घटक दलों की संख्या में I.N.D.I.A. को पीछे छोड़ने के लिए NDA का कुनबा भी बढ़ाया गया। इस खेल में संसद में नाममात्र की उपस्थिति या बिना उपस्थिति वाले दलों को भी साथ लेने में संकोच दोनों में से किसी गठबंधन ने नहीं किया। क्या इससे यह संकेत नहीं मिलता कि लोकसभा चुनाव में मुकाबला इतना कड़ा हो सकता है कि दो-चार प्रतिशत वोट रखने वाले दल-नेता भी महत्वपूर्ण साबित हों?



राम गोपाल सैनी

सवाल यह है कि 2019 लोकसभा चुनाव में विभाजित विपक्ष के बीच और मोदी की लोकप्रियता के चरम पर भी BJP बहुमत के लिए जरूरी संख्या से मात्र 31 सीटें ज्यादा जीत पाई और पूरा NDA 81 सीटें ज्यादा जुटा पाया, तो 2024 के चुनाव में 370 और 400 का लक्ष्य कैसे मुमकिन होगा? ध्यान रहे, जिन राज्यों में पिछले चुनाव में BJP और NDA ने शानदार प्रदर्शन किया था, वहां इस बार समीकरण गड़बड़ाया हुआ है। 48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र से पिछली बार NDA ने 41 सीटें जीती थीं। राज्य में सरकार के नेतृत्व को लेकर हुई तकरार के बाद अब दोनों अलग-अलग पाले में हैं। शिवसेना में विभाजन के बाद राज्य में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (MVA) सरकार गिर गई। बाद में NCP भी टूट गई। दोनों दलों से बगावत करने वाले गुट अब BJP के साथ NDA में हैं। उनके सहारे पुराना प्रदर्शन दोहरा पाने का भरोसा होता तो BJP राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना से गठबंधन की कोशिश नहीं करती। 42 सीटों वाले पश्चिम बंगाल में पिछली बार BJP ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को टक्कर देते हुए 18 सीटें जीती थीं।

विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. बनने के बावजूद तृणमूल सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। तृणमूल, BJP और कांग्रेस-वाम मोर्चा के बीच दिलचस्प त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में BJP पर सीटें बढ़ाने से ज्यादा बचाने का दबाव रहेगा, क्योंकि ममता सरकार से नाराज वोटरों के लिए BJP से इतर भी एक विकल्प उपलब्ध होगा। तृणमूल और कांग्रेस-वाम मोर्चा अलग लड़कर भी जो सीटें जीतेंगे, वे चुनाव के बाद BJP विरोधी खेमे में ही रहेंगी। 40 सीटों वाले बिहार में पिछली बार NDA ने 39 सीटें जीत कर लगभग क्लीन स्वीप किया था। नीतीश कुमार फिर पाला बदल कर NDA में लौट चुके हैं, पर रामविलास पासवान की कमी कौन पूरी करेगा, जिनकी लोक जनशक्ति पार्टी ने छह सीटें जीती थीं? रामविलास के निधन के बाद LJP भाई और बेटे की बीच बंट गई। पांच सांसदों के नेता के रूप में भाई पशुपति पारस को BJP ने केंद्र में मंत्री भी बना दिया था, लेकिन अब सीट बंटवारे में बेटे चिराग पर दांव लगाया है। दोनों में से कौन-सा फैसला गलत था- चुनाव परिणाम बताएंगे, लेकिन NDA के लिए 39 सीटें जीत खासा मुश्किल होगा। 28 लोकसभा सीटों वाले कर्नाटक में पिछली बार BJP की सरकार थी। उसने वहां अकेले दम पर 25 सीटें जीती थीं। BJP समर्थित एक निर्दलीय भी जीता था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाड़मेर में चुनावी सभा को किया संबोधित

# राजस्थान की सीटों पर कांग्रेस की जमानत जब्त होनी चाहिए : मोदी

बाड़मेर(वि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाड़मेर में चुनावी सभा को संबोधित किया। मोदी ने कांग्रेस और गठबंधन पर आरोप लगाया कि इंडि गठबंधन के दल देश से परमाणु हथियार खत्म करना चाहते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आप किसके इशारे पर काम कर रहे हैं, जो भारत को शक्तिहीन करना चाहता है।

आखिर किसके दबाव में आपका गठबंधन हमारी परमाणु ताकत को खत्म करना चाहता है। इसके साथ ही मोदी ने कांग्रेस पर संविधान को लेकर झूठ बोलने का भी आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि ये 400 सीट की बात इसलिए हो रही है, क्योंकि आपने दस साल अच्छे काम करने से मुझे रोकने की कोशिश की है। देश आपको सजा देना चाहता है। जहां तक संविधान का सवाल है, तो लिखकर ले लीजिए कि बाबा साहेब अंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते हैं। हमारा संविधान हमारे लिए गीता है, रामायण है, बाइबल है, कुरान है। यह चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करने का चुनाव है। कांग्रेस ने 5 दशक से ज्यादा देश पर हुकूमत की, लेकिन एक भी ऐसी बड़ी समस्या नहीं है, जिसका पूरा समाधान दिया हो।



### कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे

मोदी ने कहा कि कांग्रेस हर उस काम का विरोध करती है जो देशहित में होता है। हम शक्ति की उपासना करते हैं, लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि वो हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। मेरी माताओं-बहनों की ताकत तुम नहीं जानते। इस शक्ति को नष्ट करने वालों को मेरी माता-बहनें ही निपट लेंगी। कांग्रेस राम मंदिर का बहिष्कार करती है। कांग्रेस रामनवमी की शोभायात्रा पर राजस्थान में पत्थरबाजी करने वाले दंगाइयों को संरक्षण देती है। देश में घुसपैठी आते हैं तो कांग्रेस उनका स्वागत करती है, लेकिन देश के विभाजन का विरोध करने वाले दलित-सिख भाई-बहनों को नागरिकता देने वाले सीएए कानून का विरोध करती है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत को सिर्फ जमीन का टुकड़ा मानती है। कांग्रेस अध्यक्ष कहते हैं कि कश्मीर से 370 हटाई तो राजस्थान से क्या वास्ता? ये राजस्थान की राष्ट्रभक्ति पर सवाल करने की हिम्मत करते हैं। जिस राजस्थान के वीरों ने कश्मीर के लिए सीने पर गोली खाई, उससे पूछते हो कि कश्मीर से क्या वास्ता? जिस राजस्थान में कश्मीर में जन्में बाबोसा रामदेवजी की घर-घर में पूजा होती हो, उससे पूछते हो कि कश्मीर में क्या वास्ता? राजस्थान ने कश्मीरी पंडितों को गले लगाया था, उन्हें पता नहीं होगा कि कारगिल के लोग ईरान गए थे।

## प्रथम चरण के लोकसभा क्षेत्रों में अब तक 79 प्रतिशत से अधिक मतदाता पर्चियां बांटी

**आओ बूथ चलें अभियान' के तहत 82 प्रतिशत से अधिक मतदाता मार्गदर्शिका भी वितरित**

जयपुर(नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए निर्वाचन विभाग ने प्रथम चरण में मतदान वाले 12 लोकसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता पर्ची (वोटर स्लिप) एवं मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण जारी है। रविवार को शुरू हुए अभियान के तहत शुक्रवार दोपहर तक 1.96 करोड़ मतदाता पर्चियां बांटी गई, जो प्रथम चरण के लिए पर्ची वितरण के लक्ष्य 2.52 करोड़ मतदाताओं का 79.066 प्रतिशत है।

## भूल (कविता)

कर जाते हैं भूल ऐसे ही कुछ लोग,
अपने जैसा ही दूसरों को मानकर।
जो करते हैं दिखावा
बेदाग होने का,
नेकदिल से उन्नत
खुद को जानकर।
भोली-भाली दुनिया भी
कुछ ऐसे ही,
ऑख मूॅद कर लेती है
उन पर विश्वास।
जो निज स्वार्थ से
ऊपर उठकर कभी,
बन सके नहीं
किसी के खासमखास।
चालाकी चालबाज़ी
संग मौकापरस्ती,
जालसाजी मक्कारी
में हासिल शिद्दत। अधिकारिक सब
हालात का दुरुपयोग,
धोखा अन्याय है
अनैतिकता फ़ितरत।
काश कोई अक्लमंदी से
समझाए इन्हें, होशियारी
का सिर से बह चुका है पानी।
जनता अपनी पर आयी तो समझेंगी
ना, तुम कहाॅ के राजा
और कहाॅ की है रानी।



महेन्द्र सिंह कटारिया,

## सशस्त्र बलों के 11 हजार से ज्यादा मतदाताओं को ETPBS के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट जारी

जयपुर(नि.सं.)। देश की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बलों में तैनात जवान अपनी ड्यूटी के साथ-साथ लोकतंत्र को मजबूत बनाने का फर्ज भी बखूबी निभाएंगे। आगामी लोकसभा चुनावों में जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 11 हजार 20 मतदाता सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनका मतदान Electronically Transmitted Postal Ballot System (ETPBS) के जरिये सुनिश्चित किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल ने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 1 हजार 443 एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 9 हजार 577 इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट जारी किये गए हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल विधानसभा क्षेत्र से 32, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से 683, सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र से 128, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से 23, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से 39, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से 119, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से 208, बगरू विधानसभा क्षेत्र से 211 इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट जारी किये गए हैं।




हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा